Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2023 GISRRJ | Volume 6 | Issue 3 | ISSN : 2582-0095

# प्राच्यमूल्यानि

ममता
असि.प्रोफेसर, शिक्षापीठ, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालय, नवदेहली।

**Article Info**
Volume 6, Issue 3
Page Number : 86-88

**Publication Issue :**
May-June-2023

**Article History**
Accepted : 01 June 2023
Published : 12 June 2023

**शोधसारांश:-** शिक्षा सर्वेषां प्राच्यमूल्यानां तत्र धार्मिकं, नैतिकं, राजनीतिकं, सामाजिकं, सर्वविधमूल्यानां सर्वाङ्गीणविकासाय महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति। अर्वाचीनेऽस्मिन् काले शिक्षा येन दर्शनेन स्वपरिदर्शनं करोति तद्दर्शनमेव पाश्चात्यदर्शनमिति कथ्यते। तत्र आदर्शवादे मूल्यं नाम सत्यं शिवं सुन्दरमिति उक्तमस्ति। एतेतेषां मूल्यानां प्राप्तये नैतिकं सज्जीवनं नूनमेव अपेक्षितं भवति। नैतिक सज्जीवनाय संयम:, धैर्यं, ज्ञानं, न्याय: इत्येतेषामपेक्षा भवति। अस्य वादस्य वेत्ता प्लेटो अन्ये च स्वीकुर्वन्ति यत् मानव व्यक्तित्वस्य विकास: आत्मबोधेनैव जायते।

**मुख्यशब्द:** – शुभाशुभगमनं, कार्याकार्यावगमनं, धर्मार्थावगमनं, मनसि प्राच्यमूल्यानि।

प्राच्यै: पाश्चात्यैरुभयोरपि मुक्तकण्ठेन स्वीक्रियते यत् मानवचरित्रस्यनिर्माणारम्भ:आद्यावस्थात: भवति एवञ्च चरित्रनिर्माणे धर्माणामादर्शाणां मूल्यानाञ्च स्थानं ज्ञानविज्ञानेन सह महत्त्वपूर्णं भवति। मानवव्यक्तित्वस्य मानकं नूनमेव दर्शनमूल्येषु सन्निहितानि भवति।मानव: कामपि क्रियां विचारं वा वस्तुस्वीकरणात् प्राक् नूनमेव कुरुते, यत् तत् ग्राह्यं त्याज्यं वा। यदा एतादृश: निर्णयात्मक: विचार: मानवस्य मनसि निर्णयात्मकरीत्या आगच्छन्ति तदा तेषां विषये शुभाशुभगमनं, कार्याकार्यावगमनं, धर्मार्थावगमनं, कर्तव्याकर्तव्यावगमादीनि निर्गतानि तथ्यानि मूल्यमुच्यते। येन तस्य व्यक्तित्वं तस्मिन् खलु परिवेशे जायमानं भवति। एवञ्च जनानपि आकर्षयन्ति।

संस्कृतभाषायां मूलमिति शब्देन यत् प्रत्यये कृते सति प्रातिपदिकत्वात् मूल्यं निष्पद्यते। यस्यार्थो भवति प्रतिष्ठायोग्यार्थात् येन मानव: प्रतिष्ठामाप्नोति तत् मूल्यमुच्यते। शब्दव्युत्पत्तिदृष्ट्या तु मूलेन अवगम्यते अभिभूयते, मूलेनसमं तत् मूल्यमित्ययभिधीयते। वस्तुतस्तु स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवा:। अनया रीत्या मूल्यन्तु मानवस्य अस्तित्वस्य वा सत्ताया: कस्यापि महत्त्वपूर्णवस्तो: प्रतिनिधित्वं सम्पादयन्ति।

मानव: जन्मन: आरभ्य: मृत्युपर्यन्तं यत्किमपि अनुभवति वा आप्नोति ता: सर्वा: शिक्षा नाम्ना विश्वतोमुखेनाभिधीयते। स्वविकासक्रमे स: नानाभि: परिवेशै: सह संसर्गं सम्प्राप्य नैकानुभवान् प्राप्नोति। यै: स्वव्यवहारपरिमार्जनं कृत्वा समाजस्य सम्मुखे स्वोन्नतं व्यक्तित्वं समुपस्थापयितुं शक्नोति। वस्तुतस्तु मानवव्यक्तित्वस्य वैशिष्ट्यं येन उद्घोष्यते तत् मूल्यमुच्यते। एतदेका एतादृशी आचारसंहिता सद्गुणानां समावेशोऽस्ति, यस्य ग्रहणेन मानवस्य व्यक्तित्वमाभामयं भवति, तथा च स: समाजे सर्वत्र दुर्जनं परित्यज्य प्रभावपूर्णमुच्चस्थानं प्राप्नोति। निष्कर्षकत्वेन कथयितुं शक्यते यत् मूल्यन्तु मानवन्त: नियन्त्रिता किञ्चित् तेज: गुणविशेषं वा भवति। विषयेऽस्मिन् दार्शनिकाणां चिन्तनं यत् मूल्यं केनापि मानवेन वस्तुना सह सम्बन्धितं नैव भवति अपितु मूल्यं विचारेण, दर्शनेन सह सम्बन्धितं भवति। इत्युक्ते मानवस्य जीवनं येनादर्शेण सुगमतामाप्नोति तत् मूल्यमिति।नीतिशास्त्रानुसारेण या: क्रिया: वा वस्तूनि अस्माकं आत्मन: पूर्णताया: सम्पादने सहायका: भवन्ति, ता: सर्वा: क्रिया: तानि सर्वाणि वस्तूनि मूल्यमिति पदेनाभिधीयते। मनोवैज्ञानिकानां मते येन

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
Available online at : www.shisrrj.com
OPEN ACCESS
© 2023 SHISRRJ | Volume 6 | Issue 5
ISSN : 2581-6306
doi : https://doi.org/10.32628/SHISRRJ

# राष्ट्रीयशिक्षानीतौ 2020 इत्यस्यां मूल्यानि

ममता
असि.प्रोफेसर, शिक्षापीठ, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालय, नवदेहली।

**Article Info**
**Publication Issue :**
September-October-2023
Volume 6, Issue 5
**Page Number :** 53-55
**Article History**
Received : 01 Sep 2023
Published : 29 Sep 2023

**शोधसारांश:-** छात्राणां व्यक्तित्वस्य सर्वाङ्गीणविकासे सहायकानि यानि अपेक्षितानि धार्मिक-सामाजिक-राजनैतिक-लोकतान्त्रिक-संवैधानिक-सांस्कृतिक-भौगोलिक-आर्थिकेत्यादीनि मूल्यानि भवन्ति। तेषां सम्यक् संयोजनं राष्ट्रीयशिक्षानीतौ तत्र 2020 इत्यस्यां कृतमस्ति। एतासां सर्वासां शिक्षासम्बद्धनीतीनां सम्यक् क्रियान्वयनाय राष्ट्रीयपाठ्यचर्यासंरचना 2023 NCERT इत्यनेन प्रस्तुता।

**मुख्यशब्द:** - धार्मिक:, सामाजिक:, राजनैतिक:, लोकतान्त्रिक:, संवैधानिक:, सांस्कृतिक:, भौगोलिक:, राष्ट्रीयशिक्षा, मूल्यानि।

ज्ञान-सत्ता-विचार-चिताख्यानबोधिका एवञ्च मोक्षमार्गनिर्देशिका शिक्षा नूनमेव अन्यैरनुशासनमिवेकमनुशासनमस्ति अन्यैरपि अस्या: शिक्षाया अपि स्वस्य तत्त्व-ज्ञान-मूल्यमीमांसश्चास्ति। स्वमेवानुशासनपक्षे अस्य स्वरूपमत्यन्तं विस्तरमेवञ्च जीवनं प्रति क्षेत्रं प्रतिएषा स्पृशति। पूर्वजेभ्य: प्राप्ताया: चरित्रशिक्षाया: (सम्पूर्णशिक्षाया: वा आत्मशिक्षाया:) दीर्घतमाया: यात्राया: एषान्यैरिव एका प्रमाणभूता साक्ष्यता वर्तते। व्यवस्थायामस्याम् अस्या: यद्रूपं स्वरूपमस्माकं देशे आवश्यकं तस्य दर्शनं पूर्णत्वेन न च कस्मिन्नपि आयोगे नीतिषु भवति। सर्वेषु आयोगेषु शिक्षानीतिषु तत्र 1968, 1977, 1984-85, 1995, 2005 इत्यादिषु नावलोक्यते। तासु नीतिषु भ्रमात्मकविषयाणां प्राचुर्येण स्थानप्रदानेन संयोजनेन सह भारतीयं प्राच्यज्ञान-बोध-कौशल-विचारान् प्रति प्रत्युपेक्षाभावास्ति।

कस्यापि राष्ट्रस्य सर्वा व्यवस्था: सर्वे विषया: दृष्टिपदे निमग्ना इति धिया शिक्षायामेव सन्निहितो भवन्ति।वस्तुतस्तु राष्ट्रीयशिक्षानीति 2020 इति भारतीयशिक्षाव्यवस्थाया: रचनात्मकं परिष्कारं प्रस्तौति।

बहुकालात् यस्या: शिक्षानीत्या: प्रतीक्षा भारतीयशिक्षाव्यवस्थायामासीत् यया भारतीया: भारतीयशिक्षा नवदिशां नव लक्ष्यमुद्देश्यं स्वधर्मदर्शनमूल्यमनुगुणं प्राप्नुयु:। चतुस्त्रिंशत् वर्षान्तरं कस्तूरीरंगनमहाशयस्य आध्यक्षे निर्मिताया: शिक्षानीते: 2020 इत्यस्या: प्रतिवेदनं भारतसर्वकारेण विंशत्योत्तरविंशतितमे वर्षे जुलैमासस्य ऊनत्रिंशत् दिनाङ्के (19-07-2020) प्रस्तुतम्। या शिक्षानीति: 2020 इत्यत्र प्रस्तुता सा नूनमेव भारतीयशिक्षाया: अपूर्णताया: विभिन्नसमस्याया: समाधानाय पूर्णतां प्रति अग्रेसराय च शैक्षिकपरिष्कारै: साकं नवशिक्षासंरचना 10+2+3 तथा च 5+3+3+4 इतीमां संरचनां प्रस्तौति।अनया नूनमेव अस्मदीया सर्वशिक्षाव्यवस्था उचिता भविष्यति। एषा शिक्षानीति 2020 इच्छति यत् भारतीयशिक्षा व्यवस्थायां समावेशनस्य एवञ्च संस्थानीकरणस्य नवायामा: स्थापिता: भवेयु:। अस्यां शिक्षानीत्यां 2020 इत्यस्यां चत्वारो भागा: स्कूलशिक्षा,(विद्यालयीयशिक्षा) उच्चतरशिक्षा, केन्द्रीयविचारणीयसन्दर्भा: एवञ्च क्रियान्वयनस्य रणनीतय: प्रस्तूयन्ते।

अस्या: शिक्षानीते: परिचयमार्गे बहूनां संवैधानिक- राष्ट्रीय-सांस्कृतिकमूल्यानां मानवजीवने महत्त्वं अवगत्य प्रथमे अनुच्छेदे वर्णितमस्ति। तत्र स्वतन्त्रभावेन निगदितमस्ति यत् शिक्षा पूर्णमानवस्य क्षमतां प्राप्तये न्यायसंगत-न्यायपूर्ण-समाजराष्ट्रयो: विकासाय एका मूलभूतावश्यकता अस्ति। एषा 2020 इति शिक्षानीति गुणवत्तापूर्णशिक्षां प्रति सार्वभौमिकविश्वतोमुखी चास्ति। वस्तुतस्तु सर्वे

**Copyright © 2023 The Author(s):** This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution **4.0 International License (CC BY-NC 4.0)** which permits unrestricted use, distribution, and reproduction in any medium for non-commercial use provided the original author and source are credited.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2020 GISRRJ | Volume 3 | Issue 4 | ISSN : 2582-0095

# 21 वीं सदी के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक हेतु अपेक्षित दक्षताएँ

ममता
असि. प्रोफेसर, शिक्षापीठ
श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालय, नवदेहली

**शोधसारांश-** अन्त में यही कहा जा सकता है कि आज शिक्षक और विद्यार्थी दोनों अपना दायित्व व अधिकार का उचित प्रयोग करे, शिक्षा की दिशा और दशा तभी ठीक हो सकती है शिक्षक अपने आप में दक्ष है और उसका प्रयोग भी करता है परन्तु क्या ऐसा वातावरण है जो उसकी दक्षता का परिचय दे सकें। शिक्षकों का मानवीय संवर्द्धन के लिए उसको स्वतन्त्रता देनी चाहिए। व्यावसायिक संवर्द्धन की जगह मानवीय दायित्व संवर्द्धन पर बल देना चाहिए।

**मुख्य शब्दः-** शिक्षक, विद्यार्थि, मानवीय, शिक्षा, दक्षता ।

शिक्षा कभी न समाप्त होने वाली प्रक्रिया है। यह मनुष्य के जीवन से सभी पक्षों में समाहित होती है। शिक्षा ही एक ऐसा साधन है, जिससे साध्य की प्राप्ति की जा सकती है। शिक्षा साधन एवं साध्य दोनों रूपों में परिलक्षित होती है। समाज में परिवर्तन का कारण ही शिक्षा है। संगठन के आधार पर शिक्षा को तीन प्रकार से बाँटा जा सकता है। i) औपचारिक शिक्षा ii) अनौपचारिक शिक्षा iii) निरौपचारिक शिक्षा तीनों प्रकार की शिक्षा पारस्परिक अभिन्न है। भारतीय शिक्षा व्यवस्था में औपचारिक शिक्षा के पाँच स्तर है - प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और उच्च शिक्षा। उच्च शिक्षा से सम्बन्धित उद्देश्यों को सबसे पहले विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948-49) में बताएँ हैं-

- उच्च शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ऐसे नागरिकों को तैयार करना है जो राजनीति, प्रशासन, उद्योग, व्यवसाय और वाणिज्य के क्षेत्र में नेतृत्व करें।
- देश की संस्कृति एवं सभ्यता का विकास करना।
- व्यक्ति के जन्मजात गुणों की खोज करना तथा प्रशिक्षण द्वारा उनका विकास करना।
- समस्त प्रकार के ज्ञानार्जन के अवसर प्रदान करना।
- ऐसे व्यक्तियों का निर्माण करना जो प्रजातंत्र को सफल बनाने के लिए शिक्षा का प्रयास करें। न्याय एवं वैयक्तिक स्वतंत्रता की रक्षा करें।
- मौलिक विचारों आविष्कारों तथा शोधों के माध्यम से समाज को शक्तिशाली तथा गतिमान बनाना।
- विद्यार्थियों में नैतिक गुणों, अनुशासन और विवेकशील व्यवहार को जन्म देना तथा विकसित करना।
- ऐसी विचारधाराओं का जन्म देना जो विश्व प्रेम और विश्वशांति को शक्ति प्रदान करें।

# उपनिषदों में शिक्षा सिद्धान्त

ममता
असि. प्रोफेसर, शिक्षापीठ, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालय, नवदेहली।

**Article Info**
Volume 4, Issue 4
Page Number : 79-82
**Publication Issue :**
July-August-2021
**Article History**
Accepted : 03 July 2021
Published : 10 July 2021

**शोधसारांश–** उपनिषदिक शिक्षा किसी काल विशेष या जाति विशेष की शिक्षा प्रणाली नहीं है अपितु उसके शिक्षा सिद्धान्तों का प्रयोग सार्वकालिक है। इस शिक्षा के द्वारा समाज को मूल्ययुक्त शिक्षा प्रदान की जा सकती है ।

**मुख्य शब्द:–** उपनिषद्, शिक्षा, सि द्धान्त, समाज, मूल्य, वाङ्मयः।

वैदिक वाङ्मय की श्रृंखला में वेद, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद ग्रन्थों को महत्त्व दिया जाता है। विषय की दृष्टि से वेदों के प्रमुख तीन भाग है – कर्म, उपासना और ज्ञान। कर्म विषय का प्रतिपादन संहिता एवं ब्राह्मण भाग में हुआ है। उपासना भाग का संहिता तथा आरण्यक भाग में वर्णित है और तीसरे ज्ञान भाग का प्रतिपादन करने वाला उपनिषद् है जो कि मोक्ष साधन का मार्ग बताते हैं। मुक्तिकोपनिषद के अनुसार उपनिषदों की संख्या 108 है।[1] उपनिषदों की संख्या पर विद्वानों के मतभेद पाये जाते हैं। शंकराचार्य ने इनमें से सर्वाधिक महत्व 11 उपनिषदों पर भाष्य लिखे है।

उपनिषद शब्द की व्युत्पत्ति है – उप+नि+षद्, जिसका अर्थ होता है समीप बैठना अर्थात गुरु के चरणों के समीप बैठकर अध्ययन करना। प्रो. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् ने अपने ग्रन्थ 'प्रमुख उपनिषद' में "व्यवधान रहित सम्पूर्ण ज्ञान" उपनिषद शब्द का अर्थ बताया है।[2] उपनिषदे ब्रह्मविद्या से सम्बन्धित है। उपनिषद की तत्त्वमीमांसा, ज्ञानमीमांसा एवं तर्कमीमांसा से शिक्षा के सभी अंगो पर विचार किया जा सकता है। उपनिषदे शिक्षा की विशिष्ट विधि के रूप में सम्पूर्ण विश्व को उचित पथ प्रदर्शक के रूप में कार्य करती है।

**शिक्षा का सम्प्रत्यय -** उपनिषदों का तात्त्विक विवेचन संवाद के रूप में है, जिसमें शिष्य प्रश्नोत्तर विधि के माध्यम से शंका समाधान करते है। गुरु केवल उन शिष्यों को उपनिषदों में छुपे रहस्यों का ज्ञान देते है जो जिज्ञासु होते है। इस परम्परा से शिक्षा सम्बन्धी तीन अर्थ स्पष्ट होते है –

1. छात्र को ज्ञान के लिए स्वयं प्रयास करना होता है।
2. प्रत्येक विद्यार्थी अपनी योग्यता, क्षमता एवं आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा ग्रहण करता है।
3. गुरु ज्ञान प्रक्रिया का अभिन्न अङ्ग होता है, जो केवल योग्य विद्यार्थी को ही ज्ञान प्रदान करते हैं।

---

[1] मुक्तिकोपनिषद – प्रथमोऽध्याय ।

[2] डॉ. राम शकल पाण्डेय – पाश्चात्य एवं भारतीय शिक्षा दर्शन, पृष्ठ -186 ।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited